Dabang Dunia (Indore), 15th April 2023, Page-02

ग्रामीण बोले- विस्फोट से हो रहा नुकसान

# मरम्मत का तौर-तरीका बताएगा आईआईटी, विशेषज्ञ ने किया दौरा

इंदौर। इंदौर-अकोला फोर लेन हाईवे के लिए बन रही सुरंग के लिए हुए विस्फोटों से कथित रूप से घरों में आई दरारों की जांच का काम पूरा हो गया है। यह जांच आईआईटी इंदौर की जियोटेक्निकल विशेषज्ञ ने की है। अब विशेषज्ञ अगले हफ्ते तक यह बताएंगे कि जिन घरों को नुकसान पहुंचा है, उनकी मरम्मत किस तरह की जाए? इसके बाद सिक्स लेन सुरंग बना रही कंपनी अपने खर्च पर दरारों को भरेगी।

## 200 घरों को नुकसान

पिछले महीने तलईनाका गांव के लोगों ने आरोप लगाया था कि सुरंग से किए जा रहे विस्फोटों से उनके घरों को नुकसान हो रहा है। जगह-जगह छोटी-बड़ी दरारें आ गई हैं। कुछ घरों में नुकसान ज्यादा होने से वहां रहना खतरनाक हो रहा है। लोगों की शिकायत के बाद सुरंग के लिए ओपन ब्लास्टिंग का काम तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया। बाद में ठेकेदार कंपनी ने इस संबंध में आईआईटी इंदौर से संपर्क साधकर विस्फोट की तीव्रता और घरों को हुए नुकसान की जांच करने को कहा था। उसी के बाद आईआईटी की प्रोफेसर नीलिमा जांच के लिए कंपनी अधिकारियों के साथ मौके पर गई थीं। उन्होंने लगभग दर्जनभर घरों में आई दरारों को देखा। इधर, ग्रामीणों ने दावा किया कि गांव के करीब 200 घरों को विस्फोट से नुकसान हुआ, जबकि कंपनी अफसरों का तर्क है कि निर्माणाधीन सुरंग के आसपास कुछ कच्चे घरों में जरूर दरारें आ सकती हैं, लेकिन इतनी संख्या नहीं है। जिन घरों को वाकई नुकसान हुआ है, वहां की मरम्मत कंपनी अपने खर्च से करवाएगी।